निगम सभागार में प्रमुख विषयो पर समीक्षा बैठक आहूत की गई

भिलाईनगर। निगम भिलाई आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में शहर के नागरिको की मांग एवं शिकायत के निराकरण के विषयों पर प्रमुखता से चर्चा की गई। जिससे नागरिको की समस्याओ का शीध्र निराकरण किया जा सके। अपर आयुक्त ने सभी अधिकारियो को निर्देशित किये है, कि कलेक्टर जनदर्शन, कलेक्टर जन शिकायत, कलेक्टर जनचौपाल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, साारर्थी एप में प्राप्त मांग एवं शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिये है। 05 अगस्त से पहले जो भी मांग एवं शिकायत प्राप्त हुए है, उसको तत्काल निराकरण करने कहा गया है। नागरिको की सुविधा के लिए पानी, बिजली, सफाई एवं राशन कार्ड आदि का जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया था। इसमें भी नागरिको द्वारा मांग एवं शिकायत की गई है, जिसका निराकरण भी शीध्र करने के निर्देश दिये है। इसी प्रकार जी.व्ही.पी. के तहत रेड स्पॉट, येलो स्पॉट का निरीक्षण कर व्यवस्था को सुदृढ़ बनाते हुए निराकरण करने को कहा गया है। नगर निगम भिलाई अंतर्गत तैयाहारी सिजन को ध्यान में रखते हुए रोड के किनारे सामग्री बेचने वालो पर कार्यवाही करते हुए सामग्री को हटाने को कहा गया है। मौसमी बिमारी जैसे– पीलिया, डायरिया, डेंगू लगातार सर्वे कर उचित निर्णय लिये जाने को कहा गया है। जहां भी बिमारी प्रभावित क्षेत्र है वहां के पानी सेंपल लेकर जॉच कराने के निर्देश दिये है। रोका छेका अभियान द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवारा बैठे एवं घूम रहे मवेशी को पकड़ने तथा मवेशी मालिको पर अर्थदण्ड की कार्यवाही करने को कहा गया है। इसी कड़ी में ओबीसी सर्वे के लिए बीएलओ के साथ ऑपरेटरो की डयूटी लगाकर कार्य कराये जाने के निर्देश दिये है। बैठक में उपायुक्त, सर्व जोन आयुक्त, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, उद्यान अधिकारी आदि उपस्थित रहें।